**प्रसार भारती**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**10.08.2024** **1945 बजे**

**<u>'' मुख्य समाचार''</u>**

- प्रदेश में अधिकारियों के लिए वार्षिक प्रदर्शन मूल्यांकन रिपोर्ट प्रणाली में संशोधन की मुख्यमंत्री ने की घोषणा।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल अधिक उपज वाली और जलवायु अनुकूल फसलों की 109 किस्में करेंगे जारी।
- विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर का आरोप– पिछले डेढ़ वर्ष के कार्यकाल में कांग्रेस सरकार ने किए केवल जनविरोधी कार्य।
- प्रदेश के अनेक भागों में मॉनसून की व्यापक वर्षा– आपदा प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्य जारी।

**मूल्यांकन प्रणाली**

मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने प्रदेश के प्रथम व द्वितीय श्रेणी के अधिकारियों और भारतीय प्रशासनिक सेवा के लिए वार्षिक प्रदर्शन मूल्यांकन रिपोर्ट प्रणाली में संशोधन की घोषणा की है। इन सुधारों का उद्देश्य अधिकारियों के मूल्यांकन को सीधे उनके कार्य परिणामों से जोड़ कर जवाबदेही और पारदर्शिता बढ़ाना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रशासनिक सचिवों और ज़िला उपायुक्तों सहित सभी अधिकारियों का मूल्यांकन केवल उनके वार्षिक प्रदर्शन मूल्यांकन रिपोर्ट के आधार पर किया जाएगा। ये प्रक्रिया अब पूरी तरह से ऑनलाइन होगी और रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए 31 दिसम्बर की समय सीमा लागू होगी। उन्होंने कहा कि उच्च

प्रबंधन अधिकारियों का गुणात्मक पहलुओं और व्यक्तिगत विशेषताओं के आधार पर मूल्यांकन जारी रहेगा।

**प्रधानमंत्री**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल नई दिल्ली में अधिक उपज वाली और जलवायु–अनुकूल व बायोफोर्टिफाइड फसलों की एक सौ 9 किस्में जारी करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यक्रम के दौरान किसानों और वैज्ञानिकों से बातचीत भी करेंगे। इन किस्मों में 34 खेती और 27 बागवानी फसलें शामिल हैं। खेत की फसलों में, बाजरा, चारा, तिलहन, दाल, गन्ना, कपास, फाइबर और अन्य फसलों सहित विभिन्न अनाजों के बीज जारी किए जाएंगे। बागवानी फसलों में विभिन्न प्रकार के फल, सब्जियां, मसाले, फूल और औषधीय पौधे शामिल हैं।

**अनिरूद्ध सिंह**

ग्रामीण विकास व पंचायती राज मंत्री अनिरूद्ध सिंह ने आज कसुम्पटी क्षेत्र की बरमू केल्टी पंचायत में एक करोड़ 14 लाख रूपए की लागत से बनने वाले पंचायत भवन का शिलान्यास किया। एक जनसभा में उन्होंने कहा कि प्रदेश में बनने वाले नए पंचायत भवन अब एक जैसे ही दिखेंगे। उन्होंने कहा कि नए बनने वाले पंचायत भवनों की ड्रॉइंग से लेकर भवन शैली तक एकरूपता अपनाई जा रही है। अनिरूद्ध सिंह ने बताया कि प्रदेशभर में नए डिज़ाइन के 45 पंचायत भवनों का निर्माण जारी है।

**समझौता ज्ञापन**

हिमाचल प्रदेश ने हिमुडा और शिमला के विकासनगर में अत्याधुनिक वाणिज्यिक परिसर के विकास के लिए स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटैक्चर के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। ये हस्ताक्षर नई दिल्ली में नगर नियोजन, आवास व तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी की अध्यक्षता में आयोजित एक

कार्यक्रम में किए गए। धर्माणी ने कहा कि इस समझौते का उद्देश्य वास्तुकला और नियोजन के क्षेत्र में स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटैक्चर के व्यापक अनुभव का लाभ उठाना है।

**जयराम ठाकुर**

विपक्ष के नेता व पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने कहा है कि प्रदेश कांग्रेस सरकार पूरी तरह से जनविरोधी काम कर रही है। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि कांग्रेस जिन वादों के साथ सत्ता में आई थी, वर्तमान में उसके विपरीत कार्य किए जा रहे हैं। जयराम ठाकुर ने कहा कि तेजी से कर्ज लेना, लाखों परिवारों की सुविधाएं छीनना और हज़ारों की संख्या में संस्थान बंद करना ही प्रदेश सरकार के डेढ़ साल के कार्यकाल की उपलब्धि है। इसके अलावा वर्तमान कार्यकाल में प्रदेश के विकास की गति भी शून्य रही है। उन्होंने कहा कि जितना कर्ज हिमाचल के पूरे इतिहास में लिया गया, उसका आधा कर्ज वर्तमान सरकार केवल डेढ़ वर्ष के कार्यकाल में ही ले चुकी है। जयराम ठाकुर ने सवाल किया कि जब सरकार ने कई तरह की सुविधाएं बंद कर दी हैं और विकास कार्य नहीं हो पा रहे हैं तो कर्ज में मिलने वाली धनराशि का क्या किया जा रहा है।

**मलाणा**

मुख्य संसदीय सचिव सुंदर सिंह ठाकुर ने आज झूला पुल के माध्यम से कुल्लू ज़िले के मलाणा जाकर आपदा के बाद उपलब्ध करवाई जा रही सुविधाओं का जायज़ा लिया। उन्होंने कहा कि मलाणा क्षेत्र के लिए ईंधन, राशन और दवाईयों सहित सभी आवश्यक खाद्य वस्तुओं की आपूर्ति लगातार जारी है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति को बहाल करने के लिए विद्युत बोर्ड के कर्मचारी युद्धस्तर पर कार्य कर रहे हैं। मुख्य संसदीय सचिव ने कहा कि सरकार व प्रशासन की मुस्तैदी, तत्परता और त्वरित राहत बचाव अभियान की आपदा से निपटने व नुकसान को कम करने में अहम भूमिका रही है।

**आरोप**

प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष व पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर ने प्रदेश कांग्रेस सरकार पर शराब माफिया को संरक्षण देने का आरोप लगाया है। कुल्लू में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि शराब माफिया जनता के मनमाने दाम लेकर लूट रहा है और सरकार की इस खुली छूट से आम जनता प्रभावित हो रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश में आबकारी विभाग भी इस मामले पर कोई संज्ञान नहीं ले रहा है। गोविंद सिंह ठाकुर ने कहा कि शराब के मनमाने दामों को लेकर लोगों द्वारा कई बार शिकायत भी कई गई है लेकिन अभी तक सरकार ने इस दिशा में कोई कदम नहीं उठाया है।

**विधानसभा अध्यक्ष**

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा है कि राज्य सरकार शिक्षा क्षेत्र में ढांचागत सुविधाओं को बढ़ाने के साथ–साथ गुणवत्तायुक्त शिक्षा व्यवस्था सुनिश्चित बनाने पर ज़ोर दे रही है। चम्बा ज़िले के गरनोटा में एक खेलकूद प्रतियोगिता के शुभारम्भ पर उन्होंने कहा कि इसी कड़ी में शिक्षण संस्थानों में प्राथमिकता के आधार पर शिक्षकों के पद भरे जा रहे हैं। विधानसभा अध्यक्ष ने विद्यार्थियों से खेलों में भाग लेने का आह्वान करते हुए कहा कि खेल गतिविधियों से विद्यार्थी वर्ग में अनुशासन की भावना उत्पन्न होती है।

**कृषि मंत्री**

दूसरी ओर, कृषि मंत्री चंद्र कुमार ने कांगड़ा ज़िले में ज्वाली शिक्षा खण्ड के तहत चलवाड़ा में खेल प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया। इस प्रतियोगिता में 32 स्कूलों के करीब 5 सौ खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। इस अवसर पर कृषि मंत्री ने कहा कि सरकार राज्य में खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने के साथ–साथ खेल स्तर को और बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

वहीं, मुख्य संसदीय सचिव किशोरी लाल ने बैजनाथ क्षेत्र के संसाल में खेल प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया। उन्होंने कहा कि शारीरिक व बौधिक विकास में खेलों का अहम योगदान होता है। उन्होंने विद्यार्थियों से खेलों को अपने जीवन का अंग बनाकर नशे से दूर रहने का आह्वान किया। इसके बाद किशोरी लाल ने क्षेत्र के आपदा प्रभावित दियोल गांव का भी दौरा किया और प्रभावितों से भेंट की।

**बाली**

प्रदेश पर्यटन निगम के अध्यक्ष आर.एस. बाली ने कहा है कि नगरोटा विधानसभा क्षेत्र में 5 करोड़ रूपए की लागत से राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूल का निर्माण किया जाएगा। क्षेत्र के बड़ोह में नगरोटा ज़ोन की खेल प्रतियोगिता के शुभारम्भ पर उन्होंने कहा कि इस विद्यालय के बनने से स्थानीय विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा सुविधा का लाभ मिलेगा। उन्होंने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बड़ोह के विकास के लिए 50 लाख रूपए देने की घोषणा भी की।

**मौसम**

प्रदेशभर में मॉनसून लगातार सक्रिय बना हुआ है। इसके प्रभाव से राजधानी शिमला सहित राज्य के अधिकांश स्थानों पर व्यापक वर्षा का क्रम जारी है। शिमला व इसके आसपास के क्षेत्रों में दोपहर बाद मूसलाधार वर्षा हुई। लगातार हो रही वर्षा से नदी–नालों का जलस्तर बढ़ा हुआ है और जगह–जगह भूस्खलन की घटनाएं भी सामने आ रही हैं। इस बीच पिछले दिनों आई आपदा के बाद प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्य जारी है और मलबे में दबे शवों को निकालने का कार्य युद्धस्तर पर किया जा रहा है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के दौरान राज्य के कुछ क्षेत्रों में भारी वर्षा होने की संभावना जताई है।

## मणिमहेश यात्रा

चंबा ज़िले की विश्वप्रसिद्ध मणिमहेश यात्रा आधिकारिक रूप से 26 अगस्त से शुरू होने जा रही है। इस यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। यात्रा के दौरान जहां जगह–जगह लंगर लगाने के लिए अनुमति दी गई है, वहीं पार्किंग की समस्या से निपटने के लिए पार्किंग स्थल भी चिन्हित किए गए हैं। उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने बताया कि यात्रियों को हैली टैक्सी सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए टैंडर करवा लिया गया है और 12 अगस्त से हैली टैक्सी की ऑनलाइन बुकिंग शुरू हो जाएगी। उल्लेखनीय है कि करीब 13 हज़ार 5 सौ फुट की उंचाई पर स्थित पवित्र मणिमहेश डल झील में स्नान के लिए हर वर्ष देशभर के विभिन्न राज्यों से श्रद्धालु पहुंचते हैं।

## मुख्य समाचार

- प्रदेश में अधिकारियों के लिए वार्षिक प्रदर्शन मूल्यांकन रिपोर्ट प्रणाली में संशोधन की मुख्यमंत्री ने की घोषणा।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल अधिक उपज वाली और जलवायु अनुकूल फसलों की 109 किस्में करेंगे जारी।
- विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर का आरोप– पिछले डेढ़ वर्ष के कार्यकाल में कांग्रेस सरकार ने किए केवल जनविरोधी कार्य।
- प्रदेश के अनेक भागों में मॉनसून की व्यापक वर्षा– आपदा प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्य जारी।

-----------------------------------